nt>

Title: Need to improve the functioning of telephone services in Indore and adjoining rural areas of Madhya Pradesh.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर) : मान्यवर, गत 6 माह से मेरे लोक सभा क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बीएसएनएल के टेलीफोन तथा मोबाइल सेवाओं की स्थिति बहुत खराब हो गई है। मोबाइल सेवाओं में कोई भी विस्तार नहीं किया गया है तथा नए कनैक्शन बिल्कुल भी नहीं दिए जा रहे हैं। पुराने नेटवर्क की भी हालत खराब है एवं मोबाइल से भी एक दूसरे से बात भी नहीं हो पा रही है। यही स्थिति तरंग सेवाओं की तथा बेसिक टेलीफोन की भी है और न केवल इंदौर अपितु संपूर्ण मध्य प्रदेश में कमोबेश यही स्थिति है।

नए मोबाइल कनैक्शन देने तथा सेवाओं में सुधार हेतु उच्चाधिकारियों से बात करने पर वे एक-दो माह में स्थिति सुधरने का आश्वासन देते हैं लेकिन स्थिति में कुछ भी सुधार नहीं हुआ है।

पूरे प्रदेश के उपभोक्ता टेलीफोन समस्या से त्रस्त हैं, इसलिए मैं चाहूंगी कि इन समस्याओं पर उच्च स्तर पर ध्यान देकर नए सीम कार्ड, ड्राप वायर, तरंग एक्सचेंज उपकरण प्रदेश को प्रथम प्राथमिकता से उपलब्ध करवाए जाएं ताकि आम उपभोक्ता को राहत मिल सके।